तत्काल

संख्या 24/251/2014—पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 31-7-2014

आदेश

विषयः सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपील।

यतः श्री नारायण कुमार दाधीच ब्रहड ब्राह्मण के आवेदन दिनांक 17/05/2014, जो संबंधित अनुभाग में दिनांक 02/06/2014 को प्राप्त हुई थी, में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना माँगी थी।

2. यतः केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा आवेदक को संबंधित सूचना समसंख्यक पत्र दिनांक 30.06.2014 द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी।

3. यतः श्री दाधीच ने अपने पत्र दिनांक 02.07.2014 (दिनांक 21.07.2014 को प्राप्त) में प्रथम अपील इस आधार पर की है कि उन्हे आवेदन भेजने के 30 दिनों के बाद भी केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है।

4. श्री दाधीच द्वारा दी गई अपील का अवलोकन किया गया एवं यह पाया गया कि केन्द्रिय जन सूचना अधिकारी द्वारा अपीलार्थी को सूचना तय समय सीमा में उपलब्ध करा दी गई थी। तथापि उपरोक्त प्रत्युतर की प्रति संदर्भ हेतू संलग्न है।

5. तदनुसार इस अपील का निस्तारण किया जाता है।

संलग्नकः पत्र संख्या 24/251/2014—पब्लिक दिनांक 30.06.2014 की प्रति।

31/7/14

(सतपाल चौहान)
संयुक्त सचिव (प्रशा0)
एवं अपीलीय अधिकारी
दूरभाषः 23093178

श्री नारायण कुमार दाधीच ब्रहड ब्राह्मण,
किसान छात्रावास के पीछे कॉलोनी,
शिवकोलोनी, पोस्ट—मेडता शहर,
जिला— नागौर, राजस्थान—341510।

प्रतिलिपिः

अनुभाग अधिकारी(आई टी) को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतू।

M3/RTI/MHA/2014
9/7/14 ।। ॐ गं गणपतये नमः ।।

POST

मेड़ता सिटी-नागौर ‖राजस्थान‖
तारीख: 02 जुलाई-2014
श्रीगणेश-बुधवार **SPEED POST**

सेवा मे,
श्रीमान प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005
माननीय गृह-मंत्रालय का प्रथम अपीलीय प्राधिकारी, गृह-मंत्रालय, नई दिल्ली

07 ... 2014
760

पण्डित नारायणकुमार बहड़-दाधीच ब्राह्मण
शिवकोलोनी, किसान-छात्रावास के पीछे, पो. मेड़ता सिटी-341510
जिला- नागौर-राजस्थान

बनाम

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी
निदेशक ए. बी.
गृह-मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

विषय :- सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना की समयावधि 30 तीस दिवस के भीतन में सूचना उपलब्ध न कराने के कारण प्रथम अपील ।

महोदयजी,

प्रार्थी का पैरावार प्रथम अपील में निम्न निवेदन हैं :-

‖1‖ कि प्रार्थी ने सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना चाहने बाबत एक आवेदन पत्र दिनांक : 17-05-2014 को रुपये 10/- का पोस्टल आर्डर नम्बर: 26 F 552407 सहित प्रार्थना-पत्र पीआईओ को प्रेषित कर सूचना निर्धारित समयावधि 30 तीस दिवस में चाही गयी थी।

‖2‖ कि आवेदन-पत्र दिनांक : 17-05-2014 के संदर्भ की सूचना संबंधित कार्यालय के पीआईओ द्वारा निर्धारित समय सीमा 30 तीस दिवस में सूचना उपलब्ध करवाने या सूचना की उपलब्धता स्थिति-जानकारी-तथ्य बाबत एकदम असफल रहकर कानून-नियमों की अवहेलना प्रथम दृष्टया की है।

‖3‖ कि सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 7 ‖1‖ के अनुसार यथा "" अनुरोध की प्राप्ति के तीस 30 दिवस के भीतर, ऐसी फीस के संदाय पर, जो विहित की जाए, सूचना उपलब्ध कराएगा ।"" परन्तु पीआईओ ने समय सीमा में फीस संदाय सशुल्क गणना-पत्र या शुल्क पृष्ठों की राशि जमा का पत्र याजानकारी ऑन रेकर्ड प्रार्थी को आज तक पंजीकृत डाक-पोस्ट से नहीं मिली हैं। अतः अब तमाम आवेदन-पत्र की सूचना ऑन-पंजीकृत एडी पोस्ट डाक से निःशुल्क पीआईओ से प्रथम अपील में निर्णय आदेश से दिराई जावें।

Ist Appeal
Dir (A&V)

‖4‖ कि समय पर सूचना उपलब्ध न कराने की अलग से विभागीय जाँच भी पीआईओ अधिकारी/कर्मचारी-कार्मिक के विरुद्ध संस्थापन-अनुभाग में दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाई जावें-ताकि भविष्य में कोताही न बरती जावें।

‖5‖ कि अपील जबाब में पीआईओ के जबाब की प्रति ""स्पीड-पोस्ट"" डाक से प्रार्थी को समय पूर्व दिराई जावें-ताकि प्रत्युतर जबाब अपील में प्रार्थी समय पर प्रस्तुत कर सकें।

‖6‖ कि 30 तीस दिवसीय समय सीमा गुजरने के कारण अब तमाम सूचना पंजीकृत "" स्पीड-पोस्ट"" डाक से पीआईओ से निःशुल्क तत्काल भिजवाने के निर्देश प्रथम अपील में पारित कर निर्णय प्रति भी "" स्पीड-पोस्ट "" से दिरावें।

‖7‖ कि अन्य तथ्य माननीय न्यायालय आज्ञा-अनुमति से प्रस्तुत किए जायेंगें। यहसही हैं कि प्रथम अपील के तमाम तथ्य व जानकारी सही व सत्य हैं।

संलग्नक :-02-दो में मूल आवेदन-पत्र की प्रतियां
TWO SET, अपीलप्रतियों-

02/07/2014
‖ पण्डित नारायणकुमार बहड़-दाधीच ब्राह्मण ‖
सा. मेड़ता मो. :094144- 68794

॥ उ॰ ॥

9

**— पंजीकृत पोस्ट डाक —**

प्रेषित :-

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी/श्रीमान सहा. लोक सूचना अधिकारी

कार्यालय नाम :- केन्द्रीय गृह-सचिव, गृह-मंत्रालय, भारत-सरकार, नईदिल्ली।

विषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना उपलब्ध करवाने हेतु नियम आवेदन- 6 व नियम- 6§2§ व नियम 6 §3§ अंतरित कर अन्तरण के बारे में तुरन्त सूचना देवें।

महोदय,

§1§ कि मेरे द्वारा दिनांक: 20 अप्रैल, 2014 की दो बार प्रेषित दोनो प्रार्थना-पत्रों व दिनांक: 12 व 13 मई, 2014 के द्वारा प्रेषित मूल प्रार्थना-पत्र व तमाम अनुसंलग्नकों की तमाम प्रतियों सहित आगे-पीछे की तमाम प्रतियां तीन तीन प्रतियों में दी जावें। उक्त पत्र भारत-रत्न/पद्मा-अवार्ड की भावी पीएम नरेन्द्र मोदी से संबंधित भविष्यवाणी हैं।

§2§ कि मेरे द्वारा दिनांक: 20 अप्रैल, 2014 की दो बार प्रेषित दोनो प्रार्थना-पत्रों व दिनांक: 12 व 13 मई-2014 को यथा संबोधित माननीय राष्ट्रपति नईदिल्ली व माननीय प्रधानमंत्री नईदिल्ली से दोनो विभागों से अग्रेषित कवर-पेज की प्रतिलिपी मय तमाम आगे-पीछे की अनुसंलग्नकों की तमाम प्रतियां सहित तीन तीन प्रतियों में तमाम प्रतियां दी जावें। कृपया 20 अप्रैल, 2014 के दो बार प्रेषित-पत्रों के तमाम दो बार की प्रतियां देवें।

§3§ कि राजस्थान-राज्य के नागौर जिले के मेड़ता तहसील मुख्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता यथा श्रीमती शान्तिदेवी ब्राहमण व नारायणकुमार बहड़-दाधीच ब्राहमण साकिन-मेड़ता के अहिंसा-पत्राचार प्रवर्तक बैनर/सामाजिक कार्यकर्ता के पद्मा-अवार्ड में किस-किस वर्ष में नामांकन पद्मा-अवार्ड के रजिस्टर में दर्ज होकर नामांकित हुआ हैं, उस-उस दर्ज नामांकित पद्मा-अवार्ड के वर्षवार की सूचना विस्तृत-डिटेल में कवरपेज-पृष्ठ से सूचना दी जावें। उक्त सूचना की पाँच-पाँच प्रतियां विशेष रूप से दी जावें।

आवेदन फीस दस रूपये का पोस्टल आर्डर नं. :- 26एफ/552407/ संलग्न प्रेषित हैं। सूचनाओं के पृष्ठों का शुल्क का अतिरिक्त पोस्टल आर्डर नं. शुल्क गणना पृष्ठ पत्र मिलने पर पृथक से इस पत्र के संलग्न अतिरिक्त रूप से प्रेषित हैं। कृपया सूचना डाक से प्रेषित करें। उपरोक्त सूचनाओं की फोटोप्रति-स्वच्छ-[redacted] प्रतियां बाद निरीक्षण उपलब्ध की सूचना करवाये एवं सूचनाओं के पृष्ठों एवं शुल्क की सूचना निम्न पते पर डाक से देवें।

स्थान :- मेड़ता

दिनांक :- 17मई-2014 शनिवार

हस्ताक्षर : [signature] 17/05/2014

नाम : नारायणकुमार दाधीच ब्रहड़- ब्राहमण

डाक-पता : किसान छात्रावास के पीछे कॉलोनी शिवकोलोनी

पोस्ट :- मेड़ताशहर- 341510

जि.

मो.

अनुसंलग्नक -
दि० 20/4/2014 व
दि० 12 मई 2014
के प्रेषित फोटो
प्रतियाँ - एक-एक
आगे-पीछे।
[signature] 17/5/14

26F 552407
17.05.14
नईदिल्ली
गृह-मंत्रालय
POSTAL ORDER
रु 10.00 Rs.